# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल दरभंगा–2

Mail ID-rwdeedbg2@gmail.com

पत्रांक 1069. (अनु०) दिनांक 30/05/2025

प्रेषक,

ई0 अवधेश कुमार,
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्र0, दरभंगा–2

सेवा में,

सचिव–सह–सशक्त पदाधिकारी,
ब्राडा–सह–अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक पदा0,
बिहार, पटना।

विषयः– विभागीय रूप से पूर्ण कराये गये पथों का राशि की अधियाचना के संबंध में।

प्रसंगः– (1) जिला पदाधिकारी, दरभंगा के प पत्रांक–6491 दिनांक–12.12.2024, पत्रांक–6573 दिनांक–14.12.2024 एवं ज्ञापांक–37/सी0 दिनांक–03.01.2025
(2) विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–01–568 /पटना, दिनांक–17.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि वर्ष 2024–25 में **माननीय मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा को मद्देनजर रखते हुए तथा** जिलाधिकारी, दरभंगा द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरान्त प्रासंगिक पत्रों द्वारा तत्काल पथों का निर्माण करने हेतु निदेशित किये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में विभागीय रूप से कराये गये निर्माण कार्य का राशि की मॉग हेतु अधियाचना अंकित मापीपुस्त के अनुसार विहित प्रपत्र में तैयार कर समर्पित की जा रही है।

अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि मो0 – 92.08085 लाख (कुल बेरान्वे लाख आठ हजार पचासी रूपये) मात्र रूपये का आवंटन उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि संवेदकों को भुगतान किया जा सके।

अनु0:–विहित प्रपत्र संलग्न।

विश्वासभाजन

30/5/25

(ई0 अवधेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

30.5.25

## कार्य प्रमण्डल का नामः–ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

### विभागीय रूप से निर्माण कराये गये पथों में अधियाचना प्रपत्र।

| क्र0 | योजना का नाम | विभागीय आदेश | विभागीय रूप से कराये गये कार्य की लम्बाई (कि0मी0) | प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसार | | | विभागीय रूप से कराये गये कार्य की राशि (लाख में) | | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अधियाचित राशि (लाख में) | कार्य की भौतिक स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मूल कार्य की राशि (लाख में) | पंचवर्षीय अनुरक्षण की राशि (लाख में) | कुल राशि (लाख में) | मूल कार्य की राशि (लाख में) | पंचवर्षीय अनुरक्षण की राशि (लाख में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | NH 57 Shastri Chowk To Simiri Village Road | विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, का पत्रांक–मु0अ0(अ0उ0)–4515 –01–97 / 2025 पार्ट–I- 568 / पटना, दिनांक–17.03. 2025 | 0.600 | 39.44700 | 0.00 | 39.44700 | 39.44676 | 0.00 | 31.12.2024 | 39.44676 | कार्य पूण | |
| 2 | NH-57 To Vrihad Ashray Grih | | 0.215 | 42.73600 | 0.00 | 42.73600 | 42.73559 | 0.00 | 31.12.2024 | 42.73559 | कार्य पूण | |
| 3 | Construction of Ramp/Approach Road for,a - Helipad, b - VIP Parking, c- Platform for VIP Meeting | | 0.115 | 9.89900 | 0.00 | 9.89900 | 9.89850 | 0.00 | 10.01.2025 | 9.89850 | कार्य पूण | |
| | | | | | | | | | कुल अधियाचित राशि | 92.08085 | लाख | |

30/5/25

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

30.5.25

30/05/25

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–1-568 /पटना, दिनांक–17-03-2025

प्रेषक,

**उज्ज्वल कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
विशेष सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)**
बिहार, पटना।

विषयः– मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अनुसूचित जाति घटक के अधीन कुल 17 योजनाओं के उन्नयनार्थ स्तम्भ–6 में अंकित लम्बाई (कि0मी0) एवं स्तम्भ–8 में उन्नयनार्थ हेतु कुल राशि **रू0 860.06700 लाख रूपये** मात्र है, पर (कुल 17 योजना) घटनोत्तर प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अनुसूचित जाति घटक के अधीन कुल 17 योजनाओं के उन्नयनार्थ समर्पित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन जिसकी अनुमोदित राशि 0 से 5 करोड़ के बीच में है पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त है जिनके लिए स्तंभ 08 में अंकित कुल राशि 860.06700 लाख मात्र है पर घटनोत्तर प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

| Sl. No. | District | Division | Block | Name of Road | विभागीय रूप से कराये गये कार्य की लम्बाई (कि0मी0) | Cost. Of Upgradation/ Strengthening with surface (in Lakhs) | Total Estimated Cost (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Nawada | Rajauli | Govindpur | Thali To Kakolat | 0.222 | 16.59500 | 16.59500 |
| 2 | Nawada | Nawada | Kawakol | Construction of Approach Road of Kadhar Bridge | 0.405 | 52.02800 | 52.02800 |
| 3 | Bhojpur | Ara | Koilwar | PWD Rajapur Path Se High School Tak | 0.800 | 49.32200 | 49.32200 |
| 4 | Bhojpur | Ara | Koilwar | High School Se Rajapur Gaon and Rajapur Pokhara Tak | 0.600 | 42.49500 | 42.49500 |
| 5 | Patna | Danapur | Phulwarisarif | NH 83 To Mahuli Railway Halt Via Mahuli Village (Part I) | 0.500 | 28.70800 | 28.70800 |
| 6 | Saran | Chapra-1 | Garkha | Mahmada To Larpur (Near Bridge) | 1.450 | 46.493 | 46.493 |
| 7 | Jehanabad | Jehanabad | Ghoshi | Kajisaray To Sahobigha | 3.520 | 262.481 | 262.481 |
| 8 | Darbhanga | Darbhanga-2 | Singhwara | NH 57 to Vrihad Ashray Grih | 0.215 | 42.73600 | 42.73600 |
| 9 | Darbhanga | Darbhanga-2 | Singhwara | NH 57 Shastri Chowk to Sirmi Village Road | 0.600 | 39.44700 | 39.44700 |
| 10 | Darbhanga | Darbhanga-2 | Singhwara | Construction of Ramp/ Approach Road for, A-Helipad, B-Vip Parkin, C-Plattform for VIP Meeting | 0.115 | 9.89900 | 9.89900 |
| 11 | Saran | Chapra-1 | Chapra Sadar | Approach Road Near Sadar Block | 0.085 | 12.84900 | 12.84900 |
| 12 | Saran | Chapra-1 | Chapra | Hawai Adda to PWD Road | 0.259 | 22.12000 | 22.12000 |
| 13 | Siwan | Siwan-1 | Pachrukhi | Siwan Tarwara NH Path to Papaur Se papaur Panchayat Sarkar Bhawan tak | 2.500 | 64.33400 | 64.33400 |
| 14 | Siwan | Siwan-1 | Pachrukhi | Pachrukhi Bypass Path NH 85 to Mallupur tak | 1.100 | 26.52300 | 26.52300 |
| 15 | Madhubani | Phulparas | Khutouni (Laukaha) | Durgipatti (Bijli Mandal Ka Ghar) To Hudra Harijan Tola | 3.145 | 112.14100 | 112.14100 |
| 16 | Nawada | Rajauli | Roh | Roh Sirur Road To Kutaiya | 0.760 | 22.52700 | 22.52700 |
| 17 | Nawada | Nawada | Nawada Sadar | Nawada Main Road To ITI NH-20 | 0.540 | 9.36900 | 9.36900 |
| | | | | TOTAL | 16.816 | | 860.06700 |
| | | | | | | | |

2\. मांग संख्या–37–मुख्य शीर्ष–4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष – 00, लघु शीर्ष –789–अनुसूचित जाति के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष – 0107– मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना (अनुसूचित जाति), विषय शीर्ष–5301 मुख्य निर्माण कार्य, विपत्र कोड– **37–4515–00–789–0107**, बजट उपबंध–**700** करोड़ रु0 का बजट उपबंध प्राप्त है। बिहार सरकार, वित्त विभाग के पत्रांक– 12888 दिनांक 03.12.2024 की कंडिका 14 के अनुसार प्राप्त बजट के तीन गुणा राशि में से पूर्व के दायित्व के राशि को घटाते हुये नई योजना की स्वीकृति दी जा सकती है।

3\. संबंधित कार्यपालक अभियंता, संबंधित कार्य प्रमण्डल योजनाओं के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। नियंत्री एवं व्ययन पदाधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि कार्यो का विशिष्टताओं/विशिष्टि के अनुरूप कार्यान्वित कराकर एकरारनामा एवं सुसंगत वित्तीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेगें। किसी प्रकार की अनियमितता के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकरी (कार्यपालक अभियंता) पूर्णतः जिम्मेवार होगें।

4\. सारणी में अंकित योजनाओं का विभागीय रुप से कार्य सम्पादन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराया जायेगा।

5\. इन योजना के चयन के प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन संचिका संख्या– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–I में दिनांक 25.02.2025 को प्राप्त है।

6\. सारणी में अंकित योजना का **विभागीय रुप से कराये गये कार्य हेतु प्रशासनिक अनुमोदन** के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार अपर मुख्य सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचिका संख्या– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–I में प्राप्त है।

7\. योजनाओं के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर कार्यपालक अभियंता द्वारा सक्षम प्राधिकार से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त की जायेगी।

8\. योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

9\. एकरारनामा के पूर्व कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे की सूची में वर्णित कोई भी योजना किसी अन्य अनुरक्षण कार्यक्रम से अच्छादित नहीं हो।

10\. संबंधित योजना U/SRI कैटेगरी के अन्तर्गत चिन्हित नहीं हो। यदि चिन्हित हो तो निर्धारित प्रक्रियानुसार सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपरान्त ही योजना कार्यान्वित की जाय।

11\. बिहार कोषागार संहिता निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर उक्त योजना हेतु राशि की निकासी की जायेगी।

12\. वित्त विभाग के संकल्प सं0–12888 दिनांक 03.12.2024 में निहित निदेशों को अक्षरशः पालन किया जायेगा तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायेगी।

13\. यह राशि उसी मद में खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

14\. प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

CS CamScan

15. संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजना के वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 5 तारीख तक ऑन लाइन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रुप से उपलब्ध कराएंगे।

16. योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण, सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अन्तराल पर अनिवार्य रुप से किया जायेगा एवं कार्यो को स–समय तथा गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जायेगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में दोषी पदाधिकारी उत्तरदायी माने जाएगे।

17. वित्त विभाग के संकल्प सं0–12888 दिनांक 03.12.2024 की कंडिका–17 के आलोक में संबंधित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की वैधता स्वीकृत्यादेश निर्गत करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक वैध रहेगी।

18. स्वीकृत्यादेश प्रारूप आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–I के पृ0–04 /टि0 पर दिनांक–07.03.2025 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(उज्ज्वल कुमार सिंह)
विशेष सचिव

ज्ञापांक– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–I -568 /पटना, दिनांक– 17-03-2025

प्रतिलिपि–संबंधित कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव।

ज्ञापांक– मु0अ0 (अ0उ0)–4515–01–97/2025 पार्ट–I -568 /पटना, दिनांक– 17-03-2025

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उप विकास आयुक्त, /अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित एवं आई0टी0 नोडल पदाधिकारी को MIS में अपलोड करने हेतु एवं आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव।